## खबर संक्षेप

### शिक्षा के स्तर को सुधारने करें बेहतर कार्य

**शहडोल।** संभाग के शिक्षा स्तर को बेहतर बनाने के उद्देश्य से संयुक्त संचालक शिक्षा उमेश कुमार धुर्वे ने संभाग के अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक में ली। बैठक में संयुक्त संचालक शिक्षा ने प्राचार्यों को निर्देश दिए कि शिक्षा स्तर को सुधारने के लिए विद्यालयों में बेहतर कार्य किये जाए तथा विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा भी दिलाए। बैठक में विद्यालयों मे खेल आयोजन, दर्ज संख्या के अनुपात में आधार आईडी निर्माण की स्थिति, कक्षा प्रोन्नति को कक्षाबार पोर्टल में एंट्री, सत्र 2025-26 में मैपिंग की वर्तमान स्थिति सहित अन्य विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए प्राचार्यों को दिए। बैठक में सहायक संचालक खेल रईस अहमद, जिला खेल कल्याण निरीक्षक, रामरूद्र पटेल सहित अन्य विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित थें।

### कमिश्नर को शहडोल युवाओं ने भेंट की सकोरे



**शहडोल।** ग्रीष्मकाल को दृष्टिगत रखते हुए शहडोल युवा टीम द्वारा पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता को शहडोल युवा गौरव मिश्रा, देवेंद्र श्रीवास्तव, प्रभाकर मिश्रा, प्रकाश सेन, आर्या द्विवेदी, शिवनाथ द्विवेदी सहित अन्य युवाओं ने सकोरे भेंट किया। युवा टीम के श्री गौरव मिश्रा ने पशु पक्षियों एवं निराश्रित मवेशियों के लिए अभियान चलाकर किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी तथा कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने किये जा रहे कार्यों की सराहनी भी की। कमिश्नर ने कहा कि युवा टीम शहडोल युवाओं की टोली का यह अत्यंत सराहनीय प्रयास है। युवाओं के इस प्रयास में हम सभी को अपनी सहभागिता निभाकर पक्षियों के लिए सकोरे बांधने चाहिए, जिससे विलुप्त हो रहे पक्षियों का संरक्षण हो सके। उन्होंने कहा इस पुनीत कार्य के लिए लोगो को जागृत करने व परिवार के साथ पक्षियों व पशुओं के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने का संकल्प लें इससे पुण्य तो मिलेगा ही।

### सुपरवाइजर का सब स्टेशन पर कब्जा

**धनपुरी।** बंगवार उपक्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी के रेगुलेशन 115 सुपर विजनसब रेगुलेशन 4 तथा 5 का लम्बे समय से उल्लंघन हो रहा है। बंगवार उपक्षेत्रीय सब स्टेशन 33के वी ए में कार्यरत सुपर वाइजर सब स्टेशन पर कब्जा कर लिया है, क्योंकि नियमों को ताक पर रख कर कभी भी अपनी अनुपस्थिति में भी चार्ज नहीं देता है और न ही प्रबंधन द्वारा उक्त सब स्टेशन में सुपर वाइजर की अनुपस्थिति में दूसरे सुपर वाइजर को चार्ज दिलाने की जरुरत महसूस करते हैं। यह रेगुलेशन का खुला उलंघन है । ऐसे में कोई भी भी गंभीर घटना घट सकती है। इलेक्ट्रिसिटी सेफ्टी आफीसर भी निगरानी करने की जरुरत महसूस नहीं करते। स्पष्ट है कि उक्त सुपर वाइजर अपनी काली करतूतों पर पर्दा डालने के लिए इतना बड़ा रिस्क लेता है और प्रबंधन उसके दबदबे के कारण मौन रहता है। लोगों का मानना है कि कभी भी कोई अप्रिय स्थिति पैदा हो सकती है।

भर्ती रोगियों व परिजनों की हो रही फजीहत, जांच भी प्रभावित है

# मेडिकल कालेज में पानी का हाहाकार, अफसरों को खबर नहीं

**शहडोल।** त्वरित उपचार की उत्तम सुविधा उपलब्ध कराने के नाम पर संचालित शासकीय मेडिकल कॉलेज अयोग्य प्रशासन के कारण दिनोदिन बदहाली का शिकार होता जा रहा है। यहां मरीजों की भर्ती और उपचार पर तो उंगलियां उठती ही रहीं हैं अब तो हाल यह है कि यहां पानी जैसी अति आवश्यक वस्तु भी उपलब्ध नहीं है। जिसके कारण रोगी और उनके परिजन अत्यंत परेशान हैं। मेडिकल कालेज का प्रशासन मानो भांग पीकर पड़ा हुआ है। उसे कालेज के प्रबंधन और व्यवस्थाओं से शायद कोई मतलब ही नहीं है।








मेडिकल कालेज जैसे उच्च स्तरीय उपचार केन्द्र में पानी की कमी का होना एक अत्यंत चिंताजनक और विचारणीय पहलू है। बताया जाता है कि कालेज में कोई सुनवाई नहीं होती है और न ही कभी औचक निरीक्षण किया जाता है। एक खास बात यह है कि जिला प्रशासन भी मेडिकल कालेज की खबर नहीं लेता है, औचक निरीक्षण होते रहें तो व्यवस्थाएं ठीक बनी रहतीं हैं।

### रिपोर्ट नहीं मिल रही

रोगियों के कुछ परिजनों ने बताया कि मेडिकल कालेज में कई दिनों पहले उनके मरीज की पैथालाजी जांच हुई थी, लेकिन उसकी आज तक रिपोर्ट नहीं मिली। पूछने पर बताया जाता है कि अभी पानी नहीं आया है, पानी के बिना जांच हो पाना कठिन है। जांच के बाद हाथ भी पानी से ही धोना पड़ता है। यह केवल एक मरीज की परेशानी नहीं यहां सैकड़ों रोगी इसी तरह अपनी टेस्ट रिपोर्ट की बाट जोह रहे हैं। न तो रिपोर्ट मिल रही है न उनका समुचित इलाज हो पा रहा है। डाक्टर कहता है कि रिपोर्ट लेकर आओ, तो पता चले कि रोग की स्थिति क्या है? लोग रिपोर्ट के लिए चिरौरी कर रहे हैं। लेकिन मेडिकल कालेज के अधिकारी गहरी नीद सो रहे हैं।

### पीने को पानी नहीं मिल रहा

मेडिकल कालेज में पीने के लिए भी पानी नहीं मिल पा रहा है, यहां के नल बंद पड़े हैं, रोगियों के लिए कहां से पानी लाएं यह समस्या है। मेडिकल कालेज के आसपास इतनी दूकाने व होटल भी नहीं हैं कि पानी खरीदा जा सके। केवल एक हैण्डपंप है, जिससे पानी आ रहा है, उसमे भी काफी देर तक हैण्डिल चलाने पर पानी मिलता है। कुछ लोगों ने बताया कि यह हैण्डपंप अधिक उपयोगी नहीं है क्योंकि उसका पानी दूषित है। लोग पानी के लिए भटकते रहते हैं। इतने बड़े मेडिकल कॉलेज में पीने के लिए भी पानी नहीं मिल रहा इससे अधिक लज्जा और निकम्मेपन की बात और क्या होगी? इस मामले में जिला प्रशासन भी हस्तक्षेप नहीं कर रहा है।

### बजबजा रहे यूरिनल व बाथरूम

पानी की कमी के कारण कालेज के निस्तारी यूरिनल व बाथरूम आदि गंदगी से पटे पड़े हैं, यहां से संड़ांध उठने लगी है। गंदगी के कारण यहां निस्तार कर पाना कठिन होता जा रहा है। भर्ती मरीजों को निस्तार के लिए कहां लेकर जाएं यही बड़ी समस्या है। माना जाता है कि अस्पताल जैसे केन्द्रों में निस्तारी सुविधाएं काफी अहम और अनिवार्य सेवाएं मानी जाती हैं, लेकिन यहां पानी जैसी समस्या ही पहाड़ होती जाती है। गर्मी के इस मौसम में कालेज मे पानी का हाहाकार पड़ा हुआ है। जबकि यहां के अधिकारियों के एक फोन पर सारी अव्यवस्थाएं सुधर सकतीं हैं। पानी की व्यवस्था तो स्वयं मेडिकल कालेज की अपनी सुविधा है, यहां बोर मशीने चलतीं हैं, फिर भी पानी का संकट क्यों छाया हुआ है? यह समझ के परे है।

# सड़क हादसे में डेढ़ वर्षीय बालक की मौके पर मौत

**शहडोल।** जिले के सोहागपुर थाना क्षेत्र में साइकिल सवार एक परिवार को बस ने टक्कर मार दी। हादसे में डेढ़ वर्षीय बालक की मौके पर मौत हो गई, जबकि पिता और 6 साल की पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा सोहागपुर थाना से कुछ ही दूरी पर शहडोल-अनूपपुर हाईवे पर बीती रात 12 बजे हुआ। पुलिस ने बताया कि सोहागपुर थाना क्षेत्र के गोरतारा गांव निवासी सुमन बैगा उम्र 35 वर्ष अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र मुरली और 6 वर्षीय पुत्री राधिका को लेकर उमरिया जिले के चंदनिया गांव स्थित रिश्तेदारी में साइकिल से जा रहे थे। इस दौरान पीछे से आ रही छत्तीसगढ़ पासिंग की बस ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में डेढ़ साल के मुरली की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि सुमन और राधिका गंभीर रूप से घायल हो गए। देनों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। घटना की जानकारी एक राहगीर ने थाने में दी, जिसके बाद डायल 100 पुलिस कर्मी मौके पर पहुंचे और सडक़ पर पड़े घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। मृत बालक के मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है। हादसे के बाद बस चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। परिजनों ने बताया कि सुमन की पत्नी ने दो महीने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सुमन ही अपने डेढ़ वर्षीय पुत्र और 6 वर्षीय पुत्री की देखरेख कर रहा था। बच्चे की मौत से परिवार में शोक की लहर है, पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।



**इनका कहना है...**

बस ने साइकिल सवार परिवार को टक्कर मार दी। हादसे में बालक की मौत हुई है, जबकि पिता और पुत्री घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद चालक बस लेकर फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है।

**भूपेंद्र मणि पांडे**
**थाना प्रभारी, सोहागपुर**

# तीन दुकानों में चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चोर

**शहडोल।** कोतवाली से महज 400 मीटर की दूरी में तीन दुकानों में चोरी की वारदात को चोरों ने अंजाम दिया है। जिसमे दो किराना दुकान एवं एक कपड़े की दुकान को चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए हजारों रुपए नगद एवं अन्य सामान की चोरी की है । यह तीनों दुकान आजू-बाजू स्थित है। गुरुवार की सुबह जब दुकान मालिक दुकान पहुंचे तो, उन्हें इस घटना की जानकारी लगी, जिसके बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी गई है, मौके पर पहुंची पुलिस ने अपनी पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के सब्जी मंडी गंज रोड में स्थित अंकित गुप्ता एवं प्रकाश गुप्ता की किराना की दुकान है, दुकान के पीछे एक दरवाजा है, जिसे तोडक़र अज्ञात चोर दुकान के अंदर घुसे और दोनों दुकान से लगभग नगद 80 हजार एवं अन्य सामान की चोरी की है। बाजू में रामचंद्र चेलानी की कपड़े की दुकान में भी चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है, सुबह जब दुकान मालिक दुकान खोलने पहुंचा तो, उसे इस घटना की जानकारी लगी है। कोतवाली पुलिस को लोगों ने मामले की जानकारी दी, मामले की जानकारी लगते ही पुलिस की मौके पर पहुंचे जांच कर रही है।



घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें किराना दुकान में तीन चोर पीछे की ओर से अंदर घुसते हैं और चोरी करने के बाद कोल्ड ड्रिंक की बोतल को खोलकर उसे पीते नजर आ रहे हैं। चोरी की यह घटना किराना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। जिसको लेकर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर भी चोरों की पहचान करवाने में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि तीन दुकान में हुई चोरी की घटना में लगभग डेढ़ लाख से अधिक की चोरी को चोरों ने अंजाम दिया है। मामले पर पुलिस अपनी जांच कर रही है। मौके पर फिंगरप्रिंट्स एक्सपर्ट को भी बुलवाया गया है।

# धरती मां की कोख में करें जल संरक्षितः उप मुख्यमंत्री



### आम जनमानस, जन प्रतिनिधि तथा सरकार मिलकर अभियान को दे रहे हैं गतिः विधायक
### जिले में चार हजार से अधिक जल संरचनाओं का किया जा संरक्षण एवं संवर्धनः कलेक्टर

**शहडोल।** उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थित में जिले में जयसिंहनगर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिहकी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन चौपाल आयोजित किया गया। जन चौपाल को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार पानी का संरक्षण एवं संवर्धन कर पानीदार बनाने का काम कर रही है,जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश के हर गांव में जन अभियान बन गया है,ऐसा करके हम धरती के कोख से अपने उपयोग में लिए जाने वाले जल को पुनः धरती के कोख में पहुंचा सकेंगे। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी तथा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अगुवाई में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे है, महिलाएं सशक्त हो रही हैं, सामाजिक कार्यों में उनकी सहभागिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ पुल पुलियों, सडक़ों का निर्माण होने से व्यापार के अवसर बढ़ रहें हैं, लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन का पहला सुख निरोगी काया है,सभी लोग निरोगी रहें, इसके लिए सरकार निरोगी काया अभियान चलाकर घर घर सर्वे कराकर रोगियों की पहचान कर रही है, जिससे आमजन को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। शहडोल जिला इस अभियान में तीसरे स्थान पर है, जिसके लिए जिला प्रशासन तथा सी. एम. एच. ओ. डॉ. राजेश मिश्रा को बधाई दी।



जन चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक ब्यौहारी शरद कोल ने मै बचपन में देखा है कि गांव के तालाब, कुआं, बावडी, में कभी पानी की कमी नहीं होती थी। सभी जगह साल भर पानी भरपूर मात्रा में रहता था, लेकिन अब इस दौर में कुआं, तालाब एवं बावड़ी का पानी गर्मी का सीजन आते ही सूख जाता है। उन्होंने कहा कि हमें आस-पास के तालाब, कुआं, बावड़ी सहित अन्य जल संरचनाओं को बचाना होगा। उनकी साफ-सफाई कर उनका जीर्णोद्धार करना होगा। विधायक ने कहा कि पानी को सहेजने एवं संरक्षण के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में विभिन्न प्रकार के जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें पानी की एक-एक बूंद को संरक्षित करना है पानी की जितनी आवश्यकता है उतना ही उपयोग करना है। पानी को व्यर्थ में नहीं बहाना है। विधायक शरद कोल ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि आप सब जल गंगा संवर्धन अभियान में जुडक़र जल संरचनाओं की साफ-सफाई करें उनको बचाए रखने हेतु कार्य करें। कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में चार हजार से अधिक जल संरचनाओं का चयन किया गया है,एक तिहाई कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं, लगातार जल चौपाल लगाकर लोगों को सहभागी बनाया जा रहा है ।

## एम.जी.एम. विद्यालय में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस



**धनपुरी।** एम.जी.एम. विद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 22 अप्रैल को विश्व पृथ्वी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातःकालीन प्रार्थना सभा से हुई, जिसके पश्चात विद्यालय के प्राचार्य फादर जोश के वर्गीज ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए पृथ्वी के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य महोदय ने कहा कि सम्पूर्ण सौरमंडल में पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है जहाँ जीवन संभव है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति से प्राप्त संसाधनों के संरक्षण और उनके विवेकपूर्ण उपयोग की आवश्यकता समझाई। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा, पृथ्वी संरक्षण और स्वच्छता को लेकर सभी विद्यार्थियों को शपथ भी दिलाई। विद्यालय द्वारा ऊर्जा संरक्षण के संदेश को जनसामान्य तक पहुंचाने हेतु आधा घंटे तक विद्युत उपयोग पूरी तरह बंद रखा गया। साथ ही विद्यार्थियों के बीच पोस्टर मेकिंग, ड्राइंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनका विषय पृथ्वी का संरक्षण था। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता एवं पर्यावरण के प्रति जागरूकता का परिचय दिया। विद्यालय परिवार द्वारा इस आयोजन के माध्यम से भावी पीढ़ी में पृथ्वी और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता जगाने का प्रयास किया गया।

## उप मुख्यमंत्री ने किया श्रमदान, दिया जल संरक्षण का संदेश



**शहडोल।** जल ही जीवन है, जल की हर बूंद है अमृत जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश के उप मुख्यमंत्री स्वास्थ्य मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शहडोल जिले में जयसिंहनगर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिहकी में राम सागर बड़ा तालाब जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ किया तथा श्रमदान कर जल संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक श्री शरद कोल, कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, पुलिस अधीक्षक राम जी श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नरेंद्र सिंह धुर्वे, सीएमएचओ राजेश मिश्रा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय, सरपंच माया कोल, ए. पी. ओ. मनोज मिश्रा,कार्यपालन यंत्री ग्रा.या.सेवा के.पी. पटेल, राजेश्वर उदानिया, राजेश तिवारी, राकेश तिवारी, श्रीमती विजय लक्ष्मी राकेश तिवारी,प्रिंसू सिंह,कालू कोल, विनय पाण्डेय, रघु तिवारी सहित अन्य लोग उपस्थित थें।

## अभिशील ने संभाग का बढाया मान, संभागायुक्त ने दी बधाई



**शहडोल।** कमिश्नर श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मंगलवार को घोषित यूपीएससी के फाइनल परीक्षा परिणाम में संभाग के उमरिया जिले नौरोजाबाद निवासी अभिशील जायसवाल का चयन होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। कमिश्नर ने कहा कि अभिलाष जायसवाल ने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयासों के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। उन्होंने अपनी लगन एवं लक्ष्य के प्रति समर्पण बनाए रखा। यूपीएससी जैसी प्रतिष्ठित परीक्षा में चयनित होकर उन्होंने शहडोल संभाग का नाम गौरवान्वित किया है। कमिश्नर ने कहा कि अभिलाष की सफलता यह प्रमाणित करती है कि यदि छात्र ठान लें, तो किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे अभिलाष से प्रेरणा लें और अपने जीवन में भी इसी प्रकार लक्ष्य निर्धारण कर कठोर परिश्रम करें।

## पाकिस्तान आतंकवाद की फैक्ट्रीः डिप्टी सीएम

**शहडोल।** उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री राजेन्द्र शुक्ला एक दिवसीय दौरे पर शहडोल पहुंचे, भाजपा जिला कार्यालय पहुंच संविधान सभा के निर्माता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के सम्मान अभियान के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रबुद्धजन संगोष्ठी एवं वफ्फ सुधार जनजागरण अभियान की बैठक में शामिल हुए , डिप्टी सीएम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में दिवंगत आत्माओं के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए हमले को लेकर गरजे, इस दौरान उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद की बताई फैक्ट्री बताते हुए, पाकिस्तन को आतंकवाद को पैदा करने वाला देश बताया साथ ही कड़ी कार्यवाही की बात कही। इस दौरान कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष वैभव पवार, शहडोल संगठन प्रभारी पीतांबर टोपननी सहित भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान डिप्टी सीएम श्री शुक्ला ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पाकिस्तान पर सख्त बयान दिया। उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद की फैक्ट्री बताते हुए कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो दशकों से आतंकवाद को जन्म देता आ रहा है। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस प्रकार के हमले मानवता पर सीधा हमला हैं और भारत सरकार आतंकवाद के खिलाफ किसी भी स्तर पर कड़ी कार्रवाई करने से पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने हमले में शहीद हुए जवानों और आम नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की। डिप्टी सीएम के इस दौरे को संगठनात्मक रूप से भी काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसके जरिए एक ओर जहां सामाजिक मुद्दों पर चर्चा हुई, वहीं राष्ट्रहित और आंतरिक सुरक्षा के मुद्दों पर सरकार की गंभीरता भी सामने आई।



अभिषेक टूर एण्ड ट्रेवल्स
शादी, पिकनिक, टूर इत्यादि के लिए
बुलेरो, कार बुकिंग के लिए संपर्क करें
रेल्वे स्टेशन चौक बुढ़ार,
जिला-शहडोल (म.प्र.)
आशीष नामदेव
मोबाइल नं.- 7000451459, 9516057136, 9826221682

## खबर संक्षेप

### सीएमएचओ ने एमएमयू वाहन चंदिया का किया अवलोकन



**उमरिया।** प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत विशेष जनजाति चिन्हांकित ग्रामो में, एम एम यू वाहन चंदिया द्वारा ग्राम पंचायत धतूरा की माध्यमिक शाला में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही थी का अवलोकन मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी डॉ एस बी चौधरी व्दारा किया गया। अवलोकन के दौरान पाया गया कि 40 लोगों के स्वास्थ्य की जाँच करते हुए दवाईयां प्रदाय की गई है। चार लोगों के घुटने दर्द से निजात के लिए फोटोथेरेपी मशीन से सिकाई की गई। अवलोकन के दौरान विशेष स्वास्थ्य सुविधा मुहैया के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर डॉ रामेश्वर चौहान, लैब तकनीशियन, नर्सिंग स्टाफ तथा ए एन एम उपस्थित रहे।

### रानी दुर्गावती सामुदायिक भवन में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन आज

**उमरिया।** जिला रोजगार अधिकारी अंबिकेश प्रताप सिंह ने बताया कि रानीदुर्गावती सामुदायिक भवन में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन 25 अप्रैल को प्रातः 10 बजे से किया जाएगा। मेले में एलआईसी उमरिया, रिलाएंस निप्पोन उमरिया, लियो पीथमपुर, प्रगतिशील बायोटेक प्राइवेट लिमिटेड रीवा, एस एम पी एल इंटीग्रेटेड टेक्सटाईल इंडस्ट्री, मॉडल वूलंस भीलवाड़ा, मोबाइल पे, वर्धमान मंडीदीप भोपाल, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, शासकीय आईटीआई उमरिया, पुखराज हेल्थ केयर प्रायवेट लिमिटेड जबलपुर तथा विनप्रेज इनफो मीडिया प्रायवेट लिमिटेड मैन पावर प्लेसमेंट सर्विस कंपनी भाग लेगी। उन्होनें कहा है कि आवेदक समस्त योग्यता प्रमाण पत्र की एक छाया प्रति एवं आधार कार्ड, समग्र आईडी , पासपोर्ट साइज की दो फोटो अनिवार्य रूप से साथ में लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 7869880800 पर संपर्क किया जा सकता है।

### बरतराई में किया गया बोरी बंधान



**जमुना/बदरा।** जल संवर्धन के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड अनूपपुर अंतर्गत से.क्र.04 में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था पसान एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरतराई, चुकान, भलवाही तथा सीएमसीएलडीपी छात्रों के संयुक्त प्रयास से बाकी नाला(भलवाही) में 90 बोरियों का बोरी बंधान किया गया जिससे वहां के मवेशियों,जीव जंतु, पक्षियों को पानी मिल सके तथा लोगों को जल संरक्षित करने के लिए प्रेरित किया एवम शपथ भी दिलाई गई।

## विकास इंटरप्राइजेज की खरीदी-बिक्री में दफन है भ्रष्टाचार

# बंद हो चुके जीएसटी नंबर का बिलों में हो रहा उपयोग

### जुर्माना के साथ फर्म संचालक पर दर्ज होना चाहिए अपराध

**शहडोल।** जीएसटी के तहत पंजीकरण अनिवार्य है, यदि जीएसटी पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है और व्यवसाय जारी रहता है, तो इसका मतलब जीएसटी के तहत अपराध है और भारी जुर्माना लगाया जा सकता है, बावजूद इसके पंचायतों में बंद हो चुके वाणिज्यकर नंबरों का खुलकर उपयोग हो रहा है। जिले की जयसिंहनगर जनपद में दर्जनों पंचायतों में वेण्डर द्वारा बंद हो चुके वाणिज्यकर नंबरों का उपयोग किया जा रहा है, जबकि बंद हो चुके जीएसटी नंबर का उपयोग करना अपराध है, बावजूद इसके वेण्डरों द्वारा यह खेल किया जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व का नुकसान हो रहा है, सत्ताधारी दल एवं विपक्ष के नेताओं ने फर्म अपने या अपने परिजनों के नाम पर



पंजीकृत कराकर पंचायत को अलीबाबा की गुफा बना रखा है, जहां सचिवों और सरपंच के माध्यम से बिल लगाकर लूट मचा रखी है, खनिज के नाम पर जहां पंचायतों के पास रॉयल्टी तक नहीं है, वहीं दूसरी ओर बंद हो चुके वाणिज्य कर नंबरों का भी खुलकर उपयोग हो रहा है, लेकिन वातानुकूलित कक्ष में बैठे जिम्मेदारों को इसकी खबर तक नहीं है।

### यह है मामला

जयसिंहनगर की दर्जनों पंचायतों में विकास इंटरप्राइजेज अमझोर तहसील जयसिंहनगर द्वारा निर्माण सामग्री के बिल लगाये जा रहे हैं, फर्म संचालक बाल गोविंद तिवारी द्वारा वाणिज्य कर विभाग में फर्म का रजिस्ट्रेशन 01 जुलाई 2017 में कराया था, लेकिन उक्त फर्म 29 नवम्बर 2017 को निष्क्रिय हो गई, इसके बाद श्री तिवारी की 22 जनवरी 2018 में फिर से फर्म का रजिस्ट्रेशन हुआ, जो आज भी चल रही है, लेकिन उक्त फर्म के संचालक द्वारा चालू और बंद हो चुके वाणिज्यकर नंबरों का खुलकर उपयोग किया जा रहा है।

### खरीदी-बिक्री की जांच जरूरी

बाल गोविंद तिवारी की फर्म विकास इंटरप्राइजेज को जयसिंहनगर जनपद की दर्जनों पंचायतों से बीते वर्षों में करोड़ों का



भुगतान हुआ है, इस दौरान फर्म द्वारा जमकर खनिज की सप्लाई पंचायतों में की गई है, लेकिन पंचायत के पास खनिज की रॉयल्टी नहीं है, फर्म संचालक द्वारा पंचायत में बिक्री करने से पहले खरीदी की होगी, वर्तमान में सबकुछ ऑनलाईन है, अगर फर्म द्वारा खरीदी-बिक्री की जांच की जाये तो, पंचायतों में चल रहे बिल के इस खेल से पर्दा उठ सकता है, चर्चा है कि उक्त फर्म द्वारा पंचायतों में खरीदी से ज्यादा बिक्री की है।

### पंचायतों को दे दी बिल बुक

बंद हो चुके वाणिज्य कर नंबर वाले बिलों के संबंध में फर्म संचालक द्वारा दो टूक कहा गया कि पुरानी बिल बुक पंचायत को दी गई थी, उन्होंने लगा लिया होगा, हालाकि दूसरा वाणिज्य कर नंबर चल रहा है, जानकारों की माने तो, पंचायत से सांठ-गांठ कर फर्म संचालक जमकर पंचायतों से भुगतान ले रहा है, बीते वर्षो में जितने भी बिल बाल गोविंद तिवारी द्वारा पंचायत में लगाये गये है, अगर उनकी गहनता से जांच हुई तो, पंचायत में हुए भ्रष्टाचार से पर्दा उठ सकता है। इस पूरे खेल में सचिव-सरपंचों ने भी समय-समय पर अपना कमीशन लिया है, इसकी चर्चा हर चौक-चौराहों पर हो रही है।

### पंचायत को दर्ज कराना चाहिए मामला

वाणिज्य कर विभाग द्वारा विकास इंटरप्राइजेज नामक फर्म का रजिस्ट्रेशन एक नंबर पूर्व में ही निष्क्रिय कर दिया था, इस हिसाब से इस नंबर का उपयोग नहीं किया जा सकता, लेकिन वेण्डर द्वारा पंचायत को या तो धोखे में रखकर या साथ मिलाकर बंद हो चुके जीएसटी नंबर का उपयोग किया है, कुल मिलाकर फर्जी जीएसटी नंबर का उपयोग किया, जानकारों की माने तो पंचायत द्वारा स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस में फर्म संचालक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए खुद की स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए, अगर मामले में अन्य किसी ने शिकायत की तो, पंचायत के सरपंच, सचिव के साथ ही वेण्डर पर भी आपराधिक प्रकरण दर्ज होने के साथ वेण्डर से राजस्व की वसूली हो सकती है।

# चंदिया हजरत नौगजा शाहदाता रहमतुल्ला अलैह उर्स का होगा आयोजन





### कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में बैठक संपन्न

**उमरिया।** चंदिया हजरत नौगजा शाहदाता रहमतुल्ला अलैह के उर्स का आयोजन 9, 10 एवं 11 मई को किया जाना है। उर्स में की जाने वाली तैयारियों के संबंध में कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन की अध्यक्षता में नगर परिषद चंदिया में बैठक संपन्न हुई। कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों से कहा कि चंदिया हजरत नौगजा शाहदाता रहमतुल्ला अलैह में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उर्स की समस्त तैयारियां निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कर ली जाए, ताकि उर्स के दौरान किसी को भी परेशानी का सामना नही करना पड़े । उन्होंने कहा कि उर्स के दौरान लगने वाले बड़े झूलों ,मौत का कुआं आदि की स्थिति ठीक होने पर ही उसे लगाने की अनुमति दी जाए। उर्स के दौरान साफ सफाई व्यवस्था बनी रहे, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उर्स मेले में आने वाले लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी नही हो, इसके लिए वन विभाग व्दारा बैरीकेडिंग की व्यवस्था की जाएगी। पेयजल की व्यवस्था नगर परिषद चंदिया व्दारा की जाएगी । प्रकाश की व्यवस्था बिजली विभाग व्दारा की जाएगी। पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि चंदिया हजरत नौगजा शाहदाता रहमतुल्ला अलैह में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उर्स में उमरिया जिले सहित अन्य जिलों से बड़ी संख्या में लोग आते है , उनकी सुरक्षा में पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनातगी की जाएगी, ताकि तीन दिवसीय उर्स का मेला निर्वाध रूप से संपन्न हो सके। उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल नसीब खान ने बताया कि आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उर्स का आगाज 9 मई को होगा,जिसका समापन 11 मई को होगा।उर्स के तीनों दिवसो में कव्वालों द्वारा कव्वाली की प्रस्तुति दी जाएगी। उर्स मेले में जिला मुख्यालय उमरिया सहित अन्य जिलों से भी लोग भारी संख्या में आते है। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, नगर परिषद चंदिया के उपाध्यक्ष अनुपम चतुर्वेदी, सीएमओ चंदिया रोहित उपाध्याय, नगर निरीक्षक चंदिया ज्योति शुक्ला, उर्स कमेटी के अध्यक्ष अब्दुल नसीब खान, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जी आर गायकवाड़, तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, जनप्रतिनिधि पंकज तिवारी सहित व्यवस्था से जुडे अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उर्स स्थल का निरीक्षण

नौगजा में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय उर्स मेला स्थल का कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस



अधीक्षक निवेदिता नायडू, वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उर्स तक पहुंचने वाले मार्गो के समतलीकरण, उर्स के दौरान निर्वाध्द रूप से बिजली व्यवस्था किए जाने, पेयजल व्यवस्था किए जाने, वाहनों हेतु पार्किग व्यवस्था किए जाने, उर्स में दुकानों को व्यवस्थित तरीके से लगवाने, मजार के चारो तरफ प्रकाश की व्यवस्था किए जानें, रेल्वे स्टेशन चंदिया से नौगजा तक आने वाले मार्गो में प्रकाश व्यवस्था किए जानें का निर्णय लिया गया।

# अपनी मिट्टी अपना जल, बेहतर होगा अपना कलः कलेक्टर

## अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार में सबकी सहभागिता जरूरीः पुलिस अधीक्षक

**उमरिया।** अपनी मिट्टी अपना जल, बेहतर होगा अपना कल। यदि आज हम जल की एक एक बूंद को संरक्षित रखेंगे तो निश्चित रूप से हमारा भविष्य सुखमय व्यतीत होगा ।जल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा है । इसका संरक्षण करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है । उक्त आशय के विचार कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने चंदिया तहसील के ग्राम पंचायत नरवार अंतर्गत ग्राम घोघरी स्थित मछराड़ नदी में आयोजित अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार के तहत कृषि विभाग व्दारा आयोजित बोरी बंधान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के साथ साथ उमरिया जिले भी अपनी मिट्टी अपना जल नवाचार आयोजित किया जा रहा है, जिसके तहत बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। निश्चित रूप से नदियों में बोरी बंधान हो जाने पर उसका लाभ पशु पक्षियों सहित ग्रामीण जनों को पानी सहजता से उपलब्ध हो सकेगा। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी विवेक सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया, एसडीएम बांधवगढ़ कमलेश नीरज, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग जी आर गायकवाड़,





सीएमएचओ डा एस बी चौधरी, उप संचालक कृषि संग्राम सिंह मरावी, तहसीलदार चंदिया कर्तव्य अग्रवाल, पत्रकार एजाज खान सहित कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे ।

### वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन ने सौंपा ज्ञापन



**शहडोल।** वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन द्वारा भारत सरकार के आठवें वेतनमान में जनवरी 2025 के पूर्व सेवानिवृत्ति पेंशनर्स के हितों की उपेक्षा को देखते हुए भारत सरकार के वित्त सचिव को कलेक्टर एवं कमिश्नर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पेंशनर्स की अनेक समस्याओं पर ध्यान आकर्षण किया गया है ,पेंशनर्स सरकार के नीतियों से दुखी होते जा रहे हैं तथा अब भारत सरकार की पेंशनर्स विरोधी नीतियों को लेकर संघर्ष का शंखनाद करेंगे, इस अवसर पर अपर कलेक्टर सरोधन सिंह को ज्ञापन सौंपा गया तथा डिप्टी कमिश्नर श्रीमती मनीषा भगवती पांडे को ज्ञापन दिया गया, ज्ञापन सौंपते समय डॉक्टर परमानंद तिवारी, डॉक्टर निलेश गौतम, शशि शंकर सुहाने, रामनरेश तिवारी, गोपीनाथ सिंह, शंभू प्रसाद तिवारी, ओंकार सिंह ,अरुण पांडे, लालमन जायसवाल, अनिल सोनी आदि उपस्थित थे, पेंशनर्स ने संघर्ष का संकल्प लिया और दोहराया कि अब हम पीछे नहीं हटेंगे, साथ ही डॉक्टर परमानंद तिवारी ने बताया कि आगामी 26 एवं 27 अप्रैल को मध्य प्रदेश कोर ग्रुप एवं मार्गदर्शक मंडल की उच्च स्तरीय पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक अमरकंटक में होगी, जिस पर एडवोकेट राजकुमार दुबे प्रांत अध्यक्ष की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने की संभावना है।

### युवा टीम ने चित्रकला से समझाया जल का महत्व, जलाशयों का संरक्षण बताया जरूरी

**उमरिया।** जल गंगा संवर्धन अभियान उमरिया कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ अभय सिंह के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया द्वारा चित्र के माध्यम से जल के प्रति जागरूकता फैलाया जा रहा है।जिसमें युवाओं ने चित्रों के माध्यम से



लोगों को जल का महत्व समझाया और जल बचाने के लिए पानी के प्राचीन जल स्रोतों का संरक्षण आवश्यक बताया। पर्यावरण मित्र हिमांशु तिवारी ने समस्त युवाओं से ये आव्हान किया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए हमें पानी का सदुपयोग करना चाहिये और पानी के दुरुपयोग को रोकना चाहिये। क्योंकि पृथ्वी पर पीने योग्य पानी के स्रोत दिनों दिन खत्म होते जा रहे हैं। इसलिये हमें अपने घरों में वर्षात के पानी को एकत्रित कर जलसंवर्धन के लिये सोख्ता गड्ढा बनाना चाहिये।जल संरक्षण के लिए हमें पानी की बर्बादी रोकने, जल स्रोतों की रक्षा करने और वर्षा जल संचयन जैसे तरीकों को अपनाना चाहिए।इस दौरान गृहणी उर्मिला सेन,दीपा बर्मन,पर्यावरण मित्र हिमांशू तिवारी,पर्यावरण मित्र खुशी सेन,शिखा बर्मन व सभी उपस्थित रहे।



### सीसीएफ के राष्ट्रीय सम्मेलन में सम्मानित हुए समाजसेवी जितेंद्र रजक एवं अन्य प्रतिनिधि

**जमुना/बदरा।** चाइल्ड कंजर्वेशन फाउंडेशन इंडिया CCF द्वारा 250वां वेबीनार पूर्ण होने के उपलक्ष में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 19-20 अप्रैल को रीजनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन भोपाल मध्य प्रदेश के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में अनूपपुर जिले के सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता पूर्व सदस्य बाल कल्याण समिति, कोशिश सेवा समिति कोतमा कॉलरी के सचिव एवं मानसिक एवं दिव्यांग विकास केंद्र के संचालक जितेंद्र रजक को बाल कल्याण एवं संरक्षण के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका के लिए सीसीएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राघवेंद्र शर्मा एवं अमिताभ अवस्थी संयुक्त संचालक संचालनालय महिला एवं बाल विकास भोपाल द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मध्य प्रदेश शासन के महिला बाल विकास विभाग की मंत्री श्रीमती निर्मला भूरिया एवं द्वितीय दिवस स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दो दिवसीय सम्मेलन को उपस्थित अतिथियों डॉ राघवेंद्र शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष सीसीएफ, राष्ट्रीय बाल आयोग की सदस्य डॉ.दिव्या गुप्ता, यूएनओडीएपी के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर एफ.डिक्शन, सुप्रीम कोर्ट के एडवोकेट निपुण सक्सेना, व्हीकल केयर कंपनी के संस्थापक विमल सिंह, महिला एवं बाल विकास संचालनालय के संयुक्त संचालक अमिताभ अवस्थी वरिष्ठ समाजसेवी प्रशांत हरतालकर नागपुर के साथ-साथ अन्य प्रदेशों से आए प्रतिनिधियों ने संबोधित किया अनूपपुर जिले से समाजसेवी अरुण सिंह रणविजय सिंह एवं कुमार ध्रुव पूर्व अध्यक्ष बाल कल्याण समिति जिला अनूपपुर को भी सम्मानित किया गया। जितेंद्र रजक द्वारा दो दिवसीय सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए सीसीएफ की पूरी टीम विशेष रूप से कृपा शंकर चौबे सचिव सीसीएफ को बधाई दी।

# बूंद बूंद पानी को तरसते जमुना कॉलोनी के श्रमवीर

### चार दिन में 10 मिनट पानी

**जमुना/बदरा।** जमुना टाऊन शिप पानी की किल्लत से हमेशा दो चार रहा है ओ भी तब जब तपती गर्मी में पानी की नितांत आवश्यकता होती है तभी जमुना का सिविल विभाग हमेशा फेलियर साबित हुआ है वजह है पानी की आत्मनिर्भरता का न होना और जिस विभाग के ऊपर रॉ वाटर जमुना फिल्टर के लिए पानी उपलब्ध कराने की है ओ प्रबंधन के उपेक्षा का शिकार है ये बताना जरूरी है कि लगभग दो तीन वर्षों से गोविंदा फिल्टर से पानी आना क्या बंद हुआ जमुना कॉलोनी का हाल राजस्थान के जैसलमेर से बदतर हो गया। फिलहाल स्थिति ये है कि जमुना कॉलोनीवासी को रोज रोज नहीं हर तीसरे चौथे दिन दस मिनट के लिए पानी चलता है जिससे कॉलोनी में त्राहिमाम



मचा हुआ है वाह रे जमुना कोतमा क्षेत्र का प्रबंधन मजाल है कि पानी से संबंधित किसी प्रकार के प्रकरण को गंभीरता से ले अब ऐसा लग रहा है कि क्षेत्र में श्रमिक नहीं कोई ओर दुनिया का प्राणी निवास कर रहे हैं। संगठन को कहना पड़ रहा है कि जिस विभाग को पानी का जिम्मा है वे विभाग उपेक्षा का शिकार है एवं संडे phd से वंचित रखा जा रहा है जिनकी कोई जवाबदेही नहीं वो सभी सुविधा का लाभ ले रहे है साथियों जमुना फिल्टर के लिए 1&2खदान से रॉ वाटर इंटेक किया जाता है संगठन को मिली जानकारी के हिसाब से एक सप्ताह से दोनों पंप क्रमशः ब्रेकडाउन हो रहे है जिसे देखने वाला कोई नहीं है महाप्रबंधन संचालन से बात करो तो उल्टा सीधा जवाब देकर पल्ला झाड़ ले रहे इससे यह प्रतीत हो रहा है कि प्रबंधन कामगारों को तड़पता देख शायद खुश है लेकिन कोयला मजदूर सभा HMS के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला का यह कहना है कि पानी के इस तरह के संकट को प्रबंधन सीरियस होकर समाधान नहीं करता है तो संगठन मजबूर होकर अति शीघ्र महाप्रबंधक कार्यालय के सामने घड़ा फोड़ आंदोलन क्रमिक अनशन,हड़ताल आदि करने को मजबूर होना पड़ेगा इस दौरान कोई विसंगति उत्पन्न होती है तो संपूर्ण जवाबदेही प्रबंधनतंत्र की होगी।

### सउमा विद्यालय बिजुरी में विभागीय समूह खेल प्रतियोगिता सम्पन्न



**बिजुरी।** विद्या भारती महाकौशल प्रांत के तत्वाधान में सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजुरी में दो दिवसीय 21 व 22 अप्रैल को 36वाँ विभाग स्तरीय समूह खेल कबड्डी व खो खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, प्रथम दिन कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित कोतमा के विधायक व राज्य शासन में मंत्री दिलीप जायसवाल, विशिष्ट अतिथि में नगर पालिका बिजुरी की अध्यक्षा श्रीमती सहबिन पनिका, शहडोल विभाग के विभाग समन्वयक राम शिरोमणि शर्मा, भाजपा मंडल बिजुरी के अध्यक्ष रविंद्र शर्मा, भाजपा मंडल कोतमा के अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन की उपस्थिति में मां वीणा सरस्वती माता की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस कार्यक्रम में संभाग के तीनों जिलों के प्रतिभागियों की सहभागिता रही, शिशु वर्ग भैया कबड्डी में अमरकंटक, बाल वर्ग में पाली, किशोर वर्ग में अमरकंटक तथा तरुण वर्ग में बिजुरी विद्यालय विजेता रहा, इसी प्रकार भैया खो खो बाल वर्ग में मानपुर, किशोर वर्ग में मानपुर, तरुण वर्ग में विंध्या कॉलोनी विजेता रही, तत्पश्चात बहन कबड्डी प्रतियोगिता में किशोर वर्ग में पाली,व तरुण वर्ग में बुढ़ार विजेता रही। इसी प्रकार बहन खो खो बाल वर्ग में प्रकाश नगर, किशोर वर्ग में प्रकाश नगर, तथा तरुण वर्ग में विंध्या कॉलोनी विजेता रही, कार्यक्रम के समापन में विद्या भारती महाकौशल प्रांत के संगठन मंत्री अमित दवे, विभाग समन्यक व समिति परिवार द्वारा विजेताओं को मेडल पहनाकर उत्साह वर्धन किया गया, कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष ओंकार दुबे, व्यवस्थापक कृष्ण कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश शर्मा, संरक्षक सदस्य संजय जैन सहित नगर के गणमान्य नागरिकों, पूर्व छात्रों व समिति के सदस्यों सहित विभागीय क्रीड़ा प्रभारी नरेंद्र सिंह चंदेल व विद्यालय के आचार्य परिवार की महत्वपूर्ण सहभागिता रही।

# बिजुरी पुलिस ने फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा न्यायिक हिरासत में

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान द्वारा जिले में अपराधो में नियंत्रण एवं फरार चल रहे वारंटी की तामीली हेतु निर्देशित किया गया। जिसके अनुपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मन्सूरी एवं एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य के निर्देशन में थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह, सउनि उदय प्रजापित, आर. सुनील यादव, लक्ष्मण डांगी, म .आर. संगम तोमर के द्वारा 22/04/2025 को वारंटीयों



को गिरफ्तार किया गया जिसमें माननीय न्यायालय बुढार के द्वारा जारी वसुली वारंटी अरुण प्रजापति पिता रामखेलावन प्रजापति उम्र 35 वर्ष निवासी मझौली थाना बिजुरी , एवं सावित्री उर्फ कवित्री चौधरी पति सवाई लाल चौधरी उम्र 40 वर्ष निवासी कोरजा थाना बिजुरी जिला अनूपपुर का माननीय न्यायालय कोतमा से वसुली गिरफ्तारी वारंट जारी होने से गिरफ्तारी कर माननीय न्यायालय पेश किया गया ।

खबर संक्षेप

## एमएसडब्ल्यू के डायरेक्टर एवं प्लांट हेड को समन जारी

**कटनी।** मेसर्स कटनी एम.एस.डब्लू. प्रा.लि. ग्राम पडरवारा, तहसील मुडवारा को म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल द्वारा सशर्त जलवायु सम्मति प्रदान की गई थी। परंतु जब म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्यालय के अधिकारियों द्वारा उद्योग का निरीक्षण किया गया, तब पाया गया कि उद्योग द्वारा जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण अधिनियम 1974 की धारा 43/47 एवं पर्यावरण (सरंक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 15 एवं 17 का लगातार उल्लंघन किया जा रहा है। तदुपरांत बोर्ड द्वारा उद्योग के डायरेक्टर गण हेमा प्रसाद, संतराम बायतारू, अनुपमा मिश्रा एवं प्लांट हेड शांतनु कुमार एवं आदित्य कुमार के विरूद्ध मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कटनी के न्यायालय में जल प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 43/47 एवं पर्यावरण (सरंक्षण) अधिनियम 1986 की धारा 15 एवं 17 के तहत प्रकरण क्रमांक 829/2025 4 अप्रैल 2025 को दायर किया गया था। जिस पर 21 अप्रैल 2025 को सुधांशु तिवारी क्षेत्रीय अधिकारी के आग्रह पर न्यायालय द्वारा संज्ञान लेते हुये उपरोक्त अभियुक्त गणो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध करते हुये समस्त अभियुक्तगणों को 24 अप्रैल को न्यायालय में उपस्थित होने के लिये सम्मन जारी किये गये है।

## रैली निकाल कर पानी बचाने के लिए किया लोगों को जागरूक

**कटनी।** मध्यप्रदेश शासन द्वारा 30 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं ने भी प्राकृतिक जल स्त्रोतों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ पानी बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाने का बीड़ा उठाया है। अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं के सहयोग से ग्राम बंडा में रैली निकालकर जल संवर्धन हेतु ग्राम वासियों को जागरूक किया गया। इस जागरूकता अभियान को चलाए जाने का उद्देश्य यह है की शासन के साथ-साथ समाज की जन भागीदारी से ही किसी आवश्यक अभियान को मूर्त रूप दिया जा सकता है, इसलिए समाज भी अपनी जवाबदारी को समझे और शासन के साथ कदम से कदम मिलाकर सहभागी बने। जिससे भविष्य में आम जन को जल का संकट ना हो और प्राकृतिक जल स्त्रोतों में हमेशा जल की पूर्ति बनी रहे।

## खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा चलाया जा रहा विशेष जांच अभियान



**कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम के अंतर्गत सही भोजन, स्वस्थ जीवन के प्रति आमजन को जागरूक करने के लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में स्ट्रीट फूड वेंडर्स को समझाइश और निर्देश दिया जा रहा है कि स्ट्रीट फूड में फूड कलर, अजीनोमोटो, एसेंस, विनेगर का उपयोग कम मात्रा में किया जाये। साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। इसके अतिरिक्त आमजन को जागरूक करने मोबाइल फूड वैन के माध्यम से शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन करने प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्रीष्म ऋतु के दृष्टिगत भी फास्ट फूड, जंक फूड की दुकानों एवं चौपाटी की सघन जांच की जा रही है। इस दौरान केशरवानी चाट भंडार से आलू टिक्की, मसाला टिकिया, ब्रैड पाव, पिज्जा बेस के नमूने जांच हेतु लिए गए हैं, जो राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजे जा रहे हैं। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# खदान सुरक्षा की दिशा में अहम कदमः बीटीसी सोहागपुर में चार दिवसीय खान बचाव प्रशिक्षण संपन्न

खदानों में आपदा प्रबंधन और बचाव कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से सुजुकी प्राइवेट लिमिटेड, नागपुर द्वारा बीटीसी सोहागपुर में चार दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

धनपुरी।





यह प्रशिक्षण बीजी-04 उपकरण के संचालन, रखरखाव और तकनीकी पहलुओं पर आधारित था, जिसका प्रयोग खान बचाव कार्यों में महत्वपूर्ण होता है।तकनीकी विशेषज्ञता का समावेशसुजुकी प्राइवेट लिमिटेड की विशेषज्ञ टीम ने आधुनिक प्रशिक्षण पद्धतियों का उपयोग करते हुए कंप्यूटर, प्रोजेक्टर और मल्टीमीडिया उपकरणों की सहायता से प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान मशीनों के रख-रखाव, तकनीकी परिचालन तथा संभावित आपातकालीन परिस्थितियों में इनके उपयोग की विस्तृत जानकारी दी गई।प्रशासनिक सहभागिता और समर्थनप्रशिक्षण में खान बचाव केंद्र के महाप्रबंधक आदरणीय बिश्नोई सर, अधीक्षक, सहायक अधिकारी एवं खान बचाव ब्रिगेड के सदस्य भी शामिल हुए। सभी ने प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाई और इसे उपयोगी व अत्यंत लाभकारी बताया।प्रशिक्षण को सफल बनाने में सुजुकी कंपनी की टीम श्री अजय राय के नेतृत्व में उपस्थित रही। वहीं, इस प्रशिक्षण के संचालन और समन्वय में खान बचाव केंद्र के आर. डी. पटेल, उनके सहयोगियों तथा एरिया ट्रेनिंग ऑफिसर श्री पत्तलेश्वर एवं श्री गोविंद सिंघल का विशेष योगदान रहा।भविष्य की तैयारी का मार्गप्रशिक्षण में शामिल प्रतिभागियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के तकनीकी प्रशिक्षण न केवल उनकी कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं, बल्कि खदान में आपदा जैसी स्थितियों से निपटने के लिए उन्हें मानसिक और तकनीकी रूप से तैयार करते हैं। महाप्रबंधक महोदय ने भी आशा व्यक्त की कि भविष्य में ऐसे प्रशिक्षण लगातार आयोजित किए जाएंगे जिससे बचाव कार्यों में नई तकनीकों और उपकरणों का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके। महत्वपूर्ण पहल यह प्रशिक्षण खदान सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है, जो न केवल तकनीकी दक्षता को बढ़ावा देता है, बल्कि कर्मचारियों की सुरक्षा और आपदा प्रबंधन क्षमता को भी सुदृढ़ करता है।

## राजेन्दा भूमिगत माइंस में कर्मचारियों की वर्षों पुरानी मांग हुई पूरी गर्मी में राहत की सौगात, वाटर कूलर का हुआ उद्घाटन





धनपुरी।

सोहागपुर क्षेत्र की राजेन्द्र खैरहा भूमिगत खदान में उस समय खुशी की लहर दौड़ गई जब वहां वर्षों से प्रतीक्षित वाटर कूलर का उद्घाटन हुआ। एसईसीएल के उपक्षेत्रीय प्रबंधक श्री वी. के. सिंहा ने वाटर कूलर का फीता काटकर शुभारंभ किया।यह पहल खदान के खान प्रबंधक श्री बेलेनो वाला कृष्णा की दूरदृष्टि और संवेदनशीलता का परिणाम है। उन्होंने कर्मचारियों की आवश्यकताओं को गंभीरता से लेते हुए, भीषण गर्मी को ध्यान में रखकर वाटर कूलर की व्यवस्था करवाई।कर्मचारियों की जुबानी—₹पहली बार किसी खान प्रबंधक ने हमारी मांग को समझा₹वाटर कूलर का उद्घाटन होते ही सभी अधिकारी, कर्मचारी और श्रमिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने ठंडा पानी पीकर गर्मी से राहत पाई। श्रमिकों ने खुशी जताते हुए कहा, ₹यह पहली बार हुआ है कि किसी खान प्रबंधक ने हमारी मांग को इतनी गंभीरता से लिया और उसे पूरा किया। हम तहे दिल से श्री कृष्णा जी को धन्यवाद देते हैं।₹राहगीरों के लिए भी विशेष प्याऊ व्यवस्थाखान प्रबंधक की सोच सिर्फ कर्मचारियों तक सीमित नहीं रही। उन्होंने राजेन्द्रा माइंस के मुख्य गेट पर राहगीरों के लिए मिट्टी के घड़ों में ठंडे पानी की सार्वजनिक प्याऊ की भी व्यवस्था करवाई है। रोजाना इन घड़ों में साफ-सुथरा और ठंडा पानी भरवाया जाता है ताकि आम नागरिकों को भी गर्मी से राहत मिल सके।मानवता और नेतृत्व का एक सुंदर उदाहरणयह पहल न केवल प्रशासनिक सजगता का परिचायक है, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का भी उत्कृष्ट उदाहरण है। गर्मी के इस मौसम में यह एक छोटी लेकिन बहुत बड़ी सौगात बनकर सामने आई है, जो कर्मचारियों और आमजन, दोनों के लिए राहतदायक साबित हो रही है।



## परियोजना कार्यालय में आयोजित की गई रंगोली प्रतियोगिता

**ब्यौहारी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्षन में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत परियोजना कार्यालय ब्यौहारी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अंतर्गत आजीविका मिषन एवं महिला बाल विकास के अधिकारी / कर्मचारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी। रंगोली प्रतियोगिता अंतर्गत किषोरी बालिकाएं प्रतिभागी थी। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान वाली बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान पर कु. षिवानी प्रजापति थी। कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य रूप से आजिविका मिषन से श्री वृंदावन राठौर एवं श्री मैथली शरण त्रिवेदी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम के समापन में परियोजना अधिकारी श्रीमती रोषनी गौतम द्वारा पोषण पखवाड़ा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही वार्ड क्रमांक 5 में श्रीअन्न एवं स्थानीय स्तर पर पोषक तत्वों से भरपूर अनाजों एवं सब्जियों से बने व्यंजनों का प्रदर्षन किया गया।

## पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पीरबाबा का उर्स स्थगित, कैडिल जला दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जम्मूकश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाव में हुए आतंकवादी हमले में 26से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की हत्या किए जाने के बाद पूरे देश भर में शोक औऱ रोष का माहौल है।

इस नरसंहार की घटना की सभी धर्मावलंबियों के साथ तमाम सामाजिक राजनैतिक संगठनों ने निंदा की है। इस ख़ौफ़नाक घटना के बाद कटनी में भी शोक का माहौल है। इस दुःखद घटना के बाद पीरबाबा में आयोजित होने बाले सालाना उर्स 2025 के सभी कार्यक्रम आगामी दिनों के लिए स्थगित कर दिए गए है।

बुधवार सायंकाल 5 बजे शहीदों को कैंडिल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा गहन शोक व्यक्त किया गया।इस मौके पर पीरबाबा ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान तन्नू , उर्स आयोजन प्रभारी राजेन्द्र कुमार दुबे पप्पू भैया पीर बाबा कमेटी अध्यक्ष तनवीर खान उर्स प्रभारी राजेंद्र दुबे शेर ए परस्त हजरत फहीम अशरफ शाहाब मारूफ अहमद हनफी रवि श्रीवास्तव अन्वर खान अवकाश जायसवाल अजहरुद्दीन भाई अज्जू सुनील हसीजा हाजी हवीब मुफीद भाई काजी वसीम इरफान खान शाहरुख भाई फिरोज भाई लिप्पू भाई की उपस्थिति रही।सभी ने एक स्वर में कहा पहलगाम की ये आतंकवादी घटना अत्यंत निंदनीय है। पीरबाबा उर्स कमेटी इसकी कड़ी निंदा करती है। कौमी एकता की मिसाल पीरबाबा के सालाना उर्स 2025 के सभी कार्यक्रम को आगामी समय तक लिए निरस्त किए जाते है।

## नदियां, सरोवर और जल स्त्रोत हमारे जीवन का आधार विधायक शरद जुगलाल कोल





### जल संरक्षण पर जलगंगा संवर्धन अभियान नपा खांड़ चंदोला बार्ड के पुरातात्विक चण्डीमाता मन्दिर के तालाब में साफ-सफाई कर श्रमदान

ब्यौहारी

विधायक शरद जुगलाल कोल, नपा अध्यक्ष सुशीला सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारीनलिन कुमार चिंचलवार, थाना प्रभारी सुभाष दुबे, सहित गणमान्य नागरिक, पार्षदगण एवं निकाय के कर्मियों द्वारा किया गया।बाणसागर-देवलौद ब्यौहारी क्षेत्र के विधायक शरद जुगलाल कोल ने कहा कि जल, वायु और प्रकृति के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। नदियां, सरोवर और अन्य जल स्त्रोत हमारे जीवन के आधार हैं। उन्होंने यह बात नगर परिषद खांड़ में आयोजित जलगंगा संवर्धन अभियान में संबोधित करते हुए पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेशभर में जल संरक्षण को लेकर एक व्यापक जन आंदोलन चलाया जा रहा है। खेत का पानी खेत में के सिद्धांत पर जल संस्थानों द्वारा अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन और जल संरक्षण तकनीकों को अपनाया जा रहा है। 2047 तक विकसित भारत का सपना—जल संरक्षण से ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि जलगंगा संवर्धन अभियानप्रदेश में जल की प्रचुर उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ-साथ भावी पीढ़ियों के लिए जल संकट से निपटने में मील का पत्थर साबित होगा। सभी नागरिकों के सहयोग से ही प्रधानमंत्री का 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का सपना साकार हो सकता है। जल ही जीवन है नपा अध्यक्षा सुशीला सिंह।

### एनसीसी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का ब्रिगेडियर ने किया निरीक्षण

## अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर होने वाले यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी






32 एमपी बटालियन एनसीसी कटनी द्वारा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 177 लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह के कुशल नेतृत्व में 27 अप्रैल 2025 तक में आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न कॉलेज एवं स्कूलों से 500 प्रतिभागी कैडेट सहभागिता कर रहे हैं। मंगलवार 22 अप्रैल को कलेक्टतर श्री दिलीप कुमार यादव ने एनसीसी कैडेट्स के बीच पहुंचकर उत्साहिवर्धन किया। प्रथम सत्र में सागर ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर विकास बहुगुणा ने इस वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का निरीक्षण किया एवं एनसीसी कैडेट्स से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें उनके जीवन में एनसीसी एवं उनके ए, बी एवं सी प्रमाण पत्र के लघुकालीन एवं दीर्घकालीन लाभों के विषय में बताया।

आगे एनसीसी के विषय में सार्थक उल्लेख करते हुए उन्होंने कैडेट्स के लिए परेड के दौरान उनके अल्पाहार एवं एनसीसी कैडेट्स के यूनिफॉर्म के विषय में जानकारी दी। एनसीसी में कैडेट्स की रुचि को बढ़ाने हेतु उनके द्वारा विभिन्न स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कैम्प एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कैम्प यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम के विषय में भी बताया गया। इस जानकारी ने कैडेट्स के मनोबल को नया आयाम एवं नई ऊर्जा प्रदान की।

संबोधन उपरांत ब्रिगेडियर बहुगुणा ने प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स के आवासीय कक्षों का, रसोई कक्ष का एवं कैंप के हर पहलू का बारीकी से निरीक्षण किया तथा अंत में कैडेट्स के साथ लंच किया। इस दौरान कैडेट्स उनके व्यक्तित्व से और अधिक परिचित हुए।

प्रशिक्षण शिविर के द्वितीय सत्र में कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने कैडेट्स से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उन्हें भविष्य में मिलने वाले तथा जीवन की दिशा तय करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के चयन करने से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव एवं जानकारी प्रदान की। कैडेट्स ने भी अपने करियर से संबंधित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे और अपने प्रश्नों का समाधान पाया।

इस अवसर पर कैंप कमांडेंट लेफ्टिनेंट कर्नल विनोद सिंह सभी पीआई स्टाफ और सभी एएनओ उपस्थित रहे।

## सिहुड़ी में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड बहोरीबंद के ग्राम पंचायत सिहुड़ी में गुरुवार 24 अप्रैल को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर श्री यादव ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। बताते चलें कि लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर श्री यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।

### यहां होगा कार्यक्रम

24 अप्रैल को बहोरीबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत सिहुडी के अलावा गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा विकासखंड के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़यिा में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

**खबर संक्षेप**

### दुकान के बाहर खड़े ट्रक में लगी आग, करीब सवा 1 लाख का हुआ नुकसान



**अमरकंटक।** फरियादी सुल्तान खान पिता सुलेमान खान उम्र 30 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 03 हिण्डालको थाना अमरकटक जिला अनूपपुर ने थाना में पहुंचकर जुबानी रिपोर्ट दर्ज कराया कि 23/04/25 को मेरा ड्राइवर वाहन क्र. एमपी 65 जीए 1102 को शाम को करीब 8 बजे अपनी दुकान के सामने वार्ड क्र. 03 हिण्डालको में खड़ा किया था और अपने घर चला गया रात में करीब 1 बजे कांच फूटने की आवाज सुनकर राजेन्द्र का पिता जिम्बू दास दुकान से उठकर देखा तो गाड़ी के अन्दर आग लगी हुई थी और आवाज करके राजेन्द्र को बुलाया पानी डालकर आग को बुझाया आग केसे लगी किसने लगाया किसी ने नहीं देखा है बताया गया आग लगने से मेरे गाड़ी का डेक्सबोर्ड, फ्यूजमीटर जल गया एवं कांच फूट गया है जिससे एक लाख बीस हजार रूपये का नुकसान हुआ है रिपोर्ट पर पुलिस द्वारा आगजनी क्र. 07/25 कायम कर जांच में लिया गया।

### सरकार को आतंकवादियों पर उन्हीं की भाषा में करनी होगी कठोरतम कार्यवाही

**अमरकंटक।** विगत दिनों जम्मू कश्मीर के पहलगांम में आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ कर किए गए कायराना पूर्ण की गई जघन्य हत्या से मध्य प्रदेश के प्रमुख पर्यटन एवं धार्मिक तीर्थ स्थल पवित्र नगरी अमरकंटक में भी बहुत ज्यादा आक्रोश व्याप्त है सभी बहुत गुस्से में है उनसे कुछ कहते नहीं बन रहा। सरकार से समवेत मांग कर रहे हैं कि ऐसे आतंकवादियों और उनके सहयोगियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही कर करनी चाहिए तथा उनको उन्हीं की भाषा में सबक सिखाना होगा। शांतिकुटी आश्रम के प्रमुख संत रामभूषण दास जी महाराज ने कहा कि आतंकवादियों तथा उनके सहयोगियों पर सरकार को कठोर से कठोर कार्यवाही कर करना चाहिए यह अति निदरीमा है यह हमारे हिंदू धर्म पर प्रहार है। कल्याण सेवा आश्रम के संत एवं संत मंडल के कोषाध्यक्ष धर्मानंद जी महाराज ने कहा कि आतंकवादियों पर उनको उन्हीं की भाषा में सबक सिखाना होगा उनकी यह हरकत अति निंदनीयनींय है। नर्मदा मंदिर के पुजारी धनेश द्विवेदी वंदे महाराज ने कहा कि पहलगाम का हमला देश पर हमला है आतंकवादियों पर कठोरतम कार्यवाही सरकार को करना होगा सरकार अब आतंक एवं आतंकवादियों को नेस्तना बूत करें यह हमारे धर्म पर हमला है। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष रामगोपाल द्विवेदी ने कहा कि आतंकवादियों की यह कायरता पूर्ण कार्यवाही हृदय विदारक घटना है सोच कर नींद नहीं आती सरकार उन्हें जघन्यतम सजा दे। नगर परिषद अमरकंटक के अध्यक्ष पार्वती सिंह एवं उपाध्यक्ष रज्जू सिंह नेताम ने संयुक्त रूप से कहा कि आतंकवादियों को उनके जैसे किए गए कार्य की तरह ही निर्मम तरीके से कठोर कार्यवाही कर गोली मारकर सजा दी जाए और आतंकवादियों को यह संदेश दिया जाए अब उन्हें बक्सा नहीं जाएगा। पवित्र नगरी अमरकंटक के पत्रकार धनंजय तिवारी श्रमजीवी पत्रकार कार्यवाहक अध्यक्ष उमाशंकर पांडे मुन्नू विपुल बर्मन सोमू दुबे अंजय तिवारी ने संयुक्त रूप से कहा कि आतंकवादियों पर कठोर से कठोर कार्यवाही सरकार को हर हाल में करना चाहिए इससे काम कोई कार्यवाही मंजूर नहीं होगी हम सब सरकार के साथ है। महिला कांग्रेस नेत्री अंकेश्वरी सिंह ने कहा कि आतंकवादियों ने जिस निर्ममता के साथ हमारी बहनों के मांग को उजाडा है ऐसे कातिल आतंकवादियों को बक्सा नहीं जाना चाहिए उन्हें सरेआम गोली मार दी जाए तभी हमें संतोष मिलेगा।

नाराज कर्मचारियों ने कहा-काम बंद हड़ताल ही एकमात्र उपाय

# पालिका के कर्मचारियों को 7 माह से वेतन के लाले

### जिम्मेदार बने अंजान, सफाई कर्मचारी परेशान

**अनूपपुर।** इस समय नगर पालिका अनूपपुर की आर्थिक स्थितियां ठीक नहीं है। प्रायवेट सेक्टर में कार्यरत कर्मचारियों से अधिक मुश्किल में इन दिनों सरकारी विभागों में काम करने वाले कर्मचारी हैं। पूरा समय काम करने के बावजूद भी इन्हें 7 महीनों से वेतन नहीं मिल पा रहा है। इनमें सर्वाधिक परेशान आऊटसोर्स के तहत रोजगार से जुड़े कर्मचारी है। यहां के कर्मचारियों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। वेतन ना मिलने पर 6-7 महीने उधार से काम चलाते हैं और वेतन आते ही उधार चुकाते हैं। ऐसी स्थिति में वे हमेशा खाली हाथ ही रहते हैं। अब इस समस्या से जूझ रहे अनूपपुर नगर पालिका के कर्मचारी हड़ताल का रुख करने वाले हैं।

### अब हडताल की ओर करेंगे रूख

आऊटसोर्स कर्मी ही नहीं बल्कि नगर पालिका में स्थायी और दैनिक कर्मियों को भी महीनों से वेतन नहीं मिला है। वेतन ना मिलने पर कर्मचारियों का अगला कदम हड़ताल रहेगा। इससे नगर में स्वच्छता सहित संचालित अन्य व्यवस्थाएं प्रभावित हो सकती हैं। नगर पालिका कर्मचारियों का कहना है कि 7 महीने से वेतन नहीं मिलने से परिवार के भरण-पोषण में परेशानी हो रही है। बच्चों की स्कूल फीस नहीं दे पा रहे हैं, ऐसे में उनके पास हड़ताल के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है।

### काम बंद हड़ताल ही एकमात्र उपाय

नाराज कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें




मामला पालिका अनूपपुर का

पिछले 7 माह से नपा द्वारा वेतन नही दिया जा रहा है जिससे उनके समक्ष आर्थिक तंगी उत्पन्न हो गई है। वेतन ना मिलने की वजह से वे अपने परिवार का भरण पोषण ठीक ढंग से नही कर पा रहे हैं बच्चों की स्कूल की फीस समय पर ना भर पाने से बच्चे भी अच्छी शिक्षा से वंचित हो रहे हैं। दुकान वाले अधिक उधारी हो जाने की वजह से उधारी में सामान देने से भी मना कर रहे हैं, परिवार चलाने के लिए उन्होंने साहूकारों से रुपये उधार लिए है जिसे चुकाने के लिए भी साहूकारों द्वारा उन्हें लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है। कर्मचारियों ने कहा कि हम लोग नियमित रूप से ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं उसके बावजूद भी हमें 7 माह से वेतन नही दिया जा रहा हैं। ऐसी स्थिति में हमारे पास काम बंद हड़ताल करने के अलावा कोई रास्ता नही बचता है।

### खर्च बढ़े, आय के स्त्रोत नहीं

नगरपालिका में कर्मचारियों की बढ़ती संख्या एवं अन्य खर्चों ने वित्तीय संतुलन बिगाड़ दिया है। बढ़ते खर्च की तुलना में निकाय के आय स्त्रोत नहीं बढ़े है। कम्पाउंडिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य के माध्यम से राशि संग्रहित की जा सकती है, किंतु इसको लेकर ना लोगों की रुचि है और ना ही निकाय द्वारा सख्ती की जा रही है। इसके अतिरिक्त कर वसूली में भी सख्ती के बावजूद बकाया राशि का आंकड़ा बड़ा है। इस तरह की स्थिति में कर्मचारियों को महीनों तक वेतन नहीं देना ना सिर्फ श्रम नियमों का उल्लंघन है, बल्कि मानसिक रूप से प्रताड़ित करना भी है। जानकारी के अनुसार नगर पालिका अनूपपुर को भोपाल से मिलने वाली चुंगी की राशि लोन में कट जाता है। इसके कारण नगर पालिका की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई है। इसके साथ ही नगर पालिका के राजस्व की वसूली भी नहीं हो पा रही है। जिसके कारण नगर पालिका आर्थिक तंगी से जूझ रहा है। नगर पालिका के पास पैसा नहीं होने की वजह से नगर पालिका के कर्मचारियों को 7 माह से वेतन नहीं मिला।

### इनका कहना है

बजट के अभाव मे नवंबर से कर्मचारियों का वेतन नही हुआ था। बजट आ गया है, सोमवार मंगलवार को दो माह का भुगतान किया जायेगा।

**भूपेन्द्र सिंह, सीएमओ**
**नगर पालिका अनूपपुर**

## 3 शराबी ट्रक चालकों पर कार्यवाही कर न्यायालय में किया गया पेश



### तीन माह में 102 वाहन चालकों पर कार्यवाही कर लगाया गया 10 लाख से अधिक का जुर्माना

**अनूपपुर।** सड़क दुर्घटना घटित का मुख्य कारण शराब के नशे में वाहन चलाना है। जिस पर नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोति उर रहमान विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें प्रतिदिन ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों की ब्रेथ एनालाइजर से चेकिंग की जा रही है। पिछले तीन माह में 102 वाहन चालकों को शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़ा गया इनमें अधिकांश हैवी व्हीकल चलने वाले वाहन चालक है इन पर कार्रवाई करते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किए गए। न्यायालय द्वारा 10 लाख से अधिक का जुर्माना लगाया गया। कल इसी क्रम में कार्यवाही करते हुए थाना यातायात के द्वारा तीन ट्रक चालकों को चेकिंग दौरान नशे की स्थिति में वाहन चलाते पाया।गया जिनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए वाहन जप्त कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किए जो न्यायलय द्वारा 30,000/- रुपए का जुर्माना लगाया गया।

## पुलिस अधीक्षक ने सभी SDOP एवं थाना प्रभारियों ली मीटिंग

**अमरकंटक।** 24 अप्रैल को सोन सभागार कलेक्ट्रेट कार्यालय में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर श्री मोती उर रहमान के द्वारा जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई। पुलिस अधीक्षक महोदय के द्वारा जिले के लंबित अपराधों, महिला संबंधी अपराधों, पाक्सो एक्ट के प्रकरणों, लंबित मर्ग, एससी/एसटी के लंबित अपराधों, लंबित गुम इंसान एवं धारा 137(2) के लंबित प्रकरणों, निगरानी बदमाष खोलने की स्थिति की थानावार समीक्षा की गयी। लंबित गुम इंसान एवं धारा 137(2) के लंबित प्रकरणों का निराकरण हेतु विषेष अभियान चलाकर अधिक से अधिक गुमइंसान की दस्तयाब करने के निर्देष दिए। पुलिस अधीक्षक के द्वारा महिला संबंधी अपराधों को संवेदनशीलता से लेने, एसटी/एससी के रहत प्रकरणों, पाक्सों एक्ट के



वारंटों की तामीली, भरण पोषण बसूली वारंटों की तामीली, स्थाई वारंटों की तामीली, सीएम हेल्पलाईन एवं समाधान ऑनलाईन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने हेतु निर्देषित किया गया है। साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को अपने थाने में पेयजन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देष दिए। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के द्वारा अच्छी कार्यवाही करने वाले थाना प्रभारियों को पुरुस्कृत किया गया। उक्त अपराध समीक्षा बैठक में पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान, अति.पुलिस अधीक्षक अनूपपुर इसरार मन्सूरी, एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा, एसडीओपी कोतमा श्रीमती आरती शाक्य, एसडीओपी पुष्पराजगढ़ नवीन तिवारी, डीएसपी(अ) एन.एस.ठाकुर, रक्षित निरीक्षक अनूपपुर श्रीमती ज्योति दुबे, थाना प्रभारी कोतवाली निरी. अरिवन्द जैन, थाना प्रभारी चचाई निरी.राकेश उईके, थाना प्रभारी जैतहरी निरी. अमर वर्मा, थाना प्रभारी भालूमाड़ा निरी.संजय खलखो, थाना प्रभारी बिजुरी निरी. विकास सिंह, थाना प्रभारी रामनगर उनि. सुमित कौशिक, थाना प्रभारी राजेन्द्रग्राम निरी. बीरेन्द्र बरकडे, थाना प्रभारी अमरकंटक निरी. लालबहादुर तिवारी, थाना प्रभारी अजाक निरी.रत्नाम्भर शुक्ला, चौकी प्रभारी फुनगा उनि.सोने सिंह परस्ते, चौकी प्रभारी देवहरा उनि.रंगनाथ मिश्रा, चौकी प्रभारी सरई उनि. मंगला दुबे एवं पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ उपस्थित रहे।

## कदमटोला में ट्रांसफार्मर लगते ही बहने लगी उम्मीद की धार

**जमुना/बदरा।** एक साल से जल संकट झेल रहे कदमटोला पंचायत में अब ट्रांसफार्मर स्थापित हो चुका है और गांव में जल आपूर्ति शुरू हो गई है। जैसे ही ट्रांसफार्मर लगा, दोनों बोरवेल सक्रिय हुए और नल कनेक्शन से जल की आपूर्ति प्रारंभ हो गई। ग्रामीणों की आंखों में अब राहत की झलक है और चेहरों पर संतोष की मुस्कान। कदमटोला के लोगों ने कहा कि जब बार-बार की अपीलों के बाद भी कोई समाधान नहीं हुआ, तब मीडिया की आवाज़ ने प्रशासन तक उनकी पीड़ा पहुंचाई। ग्रामीणों ने कहा कि अब भरोसा हुआ कि जब आवाज़ मिलकर उठती है, तो व्यवस्था को जवाब देना पड़ता है। ये सिर्फ ट्रांसफार्मर नहीं, हमारी लड़ाई और एकता की जीत है। खबर के बाद जल जीवन मिशन से जुड़े विभागों ने तेजी से कदम उठाए और ट्रांसफार्मर लगाने के साथ जल आपूर्ति सुनिश्चित की गई। ग्रामीणों ने इसके लिए मीडिया और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आभार जताया। यह घटना यह दिखाती है कि जब मीडिया ज़मीन की सच्चाई को आवाज़ देता है और जनता मिलकर बोलती है, तब व्यवस्था को जागना पड़ता है।



# नासूर बनते जा रहा प्रमुख मार्गों का अतिक्रमण

### बीस फिट चौडी सड़क पांच फिट में तब्दील

**कोतमा।** नगर के प्रमुख मार्गों में अतिक्रमण हर व्यक्ति के लिए समस्या बन गई है। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के द्वारा जिला यातायात विभाग को निर्देश देते हुए यह कहा गया था कि सप्ताह में 2 दिन कोतमा नगर के सड़क पर लग रही दुकान एवं पार्किंग की जगह पर व्यापारियों के द्वारा अपने निजी वाहन खड़ा करते हुए अघोषित पार्किंग का अड्डा बना लिया गया है।

### सड़क पर कब्जा

अतिक्रमणकारी राहगीरों के चलने वाली सड़क को भी कब्जा कर लिए है। नगर के मुख्य मार्गो में अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। सड़क किनारे जगह-जगह बड़े दुकान एवं फुटपाथी दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है जिससे सड़क सकरी हो गई है। इससे आए दिन सड़कों पर जाम की स्थिति बनी रहती है। बाजार के अधिकतर दुकानदार अपनी दुकान की सीमा से बाहर भी सामान रखे रहते हैं, जिसका खामियाजा आमजनों को भुगतना पड़ता है। इससे सड़कों पर पैदल चलने वाले राहगीरों को फुटपाथ पर पैर रखने की जगह नहीं बची होती है।

### बीस फिट की सड़क हो जाती है पांच फिट

कहने को तो कोतमा नगर मे बाजार एरिया की



सड़क लगभग बीस फिट की है, लेकिन लेकिन जैसे ही दिन के दस बजते-बजते वह सड़क पांच फिट की हो जाती है। इसका मुख्य कारण यह है कि नगर के दुकानदारों के द्वारा सड़क पर ही दुकान सजा लेते हैं। जिसके कारण सड़क सिकुड़ कर सकरी हो जाती है। गांधी चौक से स्टेशन चौक और पुराना अस्पताल रोड से पंचायती मंदिर रोड सब्जी मंडी रोड से पोस्ट ऑफिस सड़क में दुकानदारों के द्वारा मनमाने तरीके से दुकान की सामग्री बाहर लगा कर सड़क को छोटा करते जा रहे हैं जिस पर स्थानीय प्रशासन का ध्यान नहीं जा रहा है न ही यातायात विभाग के जिम्मेदारों के द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही कर रहे हैं। कुल मिला कर आमजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### अतिक्रमण से परेशानी

नगर में सड़कों पर अतिक्रमण से समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ रही है। आमजनो को सड़को पर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। दुकानों का सामान सड़क पर रखा जा रहा है। नगर में अतिक्रमण की समस्या से सब परेशान हैं। हालत यह हो गई है कि बाजार एरिया में दुकानदारों के द्वारा नाली के ऊपर ही चबूतरा बनाते हुए अतिक्रमण कर लिया गया है।

### सड़क तक फ्लैक्स बोर्ड

जिस जगह पर ग्राहको के वाहन खड़े होने चाहिए वहां दुकानदारो ने बड़े बड़े बोर्ड लगा रखे है। इस वजह से सड़क पर यातायात प्रभावित होता है। व्यापारियो के द्वारा मनमानी की जा रही है। अव्यवस्था को सुधारने के लिए कोई प्रयास नहीं किए जा रहे है। नगरीय निकाय का अमला जब अतिक्रमण हटाने को लेकर सजग होता है तो व्यापारियों के द्वारा सहयोग न करते हुए विवाद की स्थिति निर्मित करते हैं। यही वजह है कि समस्या का हल अब तक स्थाई रूप से नहीं निकल पाया है। नगर में जाम की स्थिति को देखते हुए नगर के आसपास ग्रामीण क्षेत्रों एवं कोयलांचल क्षेत्र के लोग नगर मे खरीददारी करने आने से डरते हैं।उसका मुख्य कारण यह है कि नगर की सड़क अतिक्रमित है गई है। लोग सड़क पर ही अपनी दो पहिया वाहन खड़ा करना अपना शौक समझते हैं। जिसके कारण लोग कोतमा नगर में खरीददारी करने से बच रहे हैं। उन्हें अपने वाहन खड़े करने के लिए जगह ही नही मिलती। जिसके कारण नगर का व्यवसाय भी ठप्प हो रहा है।

### बैंकों के पास नहीं पार्किंग की जगह

नगर में स्थित ग्रामीण बैंक स्टेट बैंक सेंट्रल बैंक सहकारी बैंक रहवासी क्षेत्र मे संचालित है। और इन बैंकों के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है जिसके कारण बैंक मे आने वाहन उपभोक्ताओं के द्वारा सड़क पर ही वाहनों को खड़ा कर दिया जाता है। जिसके कारण हर घंटे सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। राजस्व विभाग एवं जिला यातायात विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही नही की जा रही है। जिसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## अगले माह आनी थी बारात युवती ने थाने पहुंच दर्ज कराई दुष्कर्म का केस

**कोतमा।** थाना अंतर्गत एक सनसनीखेज मामला सामने आया है जहां शादी की तैयारी में जुटी दुल्हन उस समय सदमें में आ गई जब उसके होने वाले पति ने शादी से इनकार करते हुए किसी दूसरी लड़की से शादी करने की बात बताई। शादी से मुकरने के बाद युवती द्वारा आरोपी के खिलाफ़ शादी का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म करने का मामला दर्ज कराया गया। 22 वर्षीय युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी शिवम मिश्रा के खिलाफ रेप की विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना में जुट गई है। घटना के बारे में बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य की रहने वाली युवती की शादी कोतमा थाना अंतर्गत एक युवक के साथ तय हुई थी। दोनों के बीच मोबाइल से बातचीत का सिलसिला शुरू हो गया 6 फरवरी को आरोपी द्वारा शादी के लिए कपड़े खरीदने के बहाने कोतमा बाजार बुलाया जहां पर युवती अपनी एक सहेली के साथ बाजार में आकर खरीददारी भी की। आरोपी द्वारा अपने घर दिखाने के बहाने ले जाकर अब तो शादी होनी है कहकर जबरन शारीरिक संबंध बनाया। घटना के दौरान युवती की सहेली बाहर आंगन में मोबाइल चला रही थी। उक्त घटना के कुछ दिनों बाद होने वाले दूल्हे शिवम द्वारा शादी से मना कर दिया। जिसके बाद युवती मानसिक तनाव में आ गई। घटना की पूरी आपबीती अपने परिजनों को बताने के बाद रविवार की शाम थाने पहुंच कर आरोपी (होने वाले दूल्हे ) के खिलाफ रेप का केस दर्ज कराया गया। सूत्रों के अनुसार शादी के कार्ड भी छप गए है। पुलिस के द्वारा मामला दर्ज कर युवती का मेडिकल एवं न्यायालयीन कथन कार्यवाही कराए जाने की कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है साथ ही मामले की विवेचना में जुट गई है।

### पहलगाम के आतंकी घटना के विरोध में चौतरफा आक्रोश, मुंह तोड़ जवाब देने की मांग

**बिजुरी।** पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले के विरोध में चौतरफा आक्रोश है। लोक कल्याण परिषद बिजुरी ने इस घटना के विरोध में आतंकवाद का पुतला दहन किया। लोगों में पाकिस्तान के खिलाफ भी गुस्सा है। इसके अलावा नगर विभिन्न संगठनों ने घटना में मारे गए लोगों के लिए कैंडल मार्च निकाल उन्हें श्रद्धांजलि दी। लोगों ने इस घटना का मुहं तोड़ जवाब देने की मांग की है। बुधवार को स्ट्रेशन चौक पर लोक कल्याण परिषद के द्वारा आतंकवाद का पुतला दहन करते हुए पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। बताया कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को आंतकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध गोलिया चलाकर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। आंतकवादी सेना की वर्दी में आए दहशतगर्दो ने पहलगाम की बैसरन घाटी में पर्यटकों से पहले उनका धर्म पूछा और गोली मार दी। अजय शुक्ला की अगुवाई में पुतला फूंका गया और जमकर नारेबाजी की गई। हमले में सभी मृतक लोगो की आत्मा की शांति के लिये शोक सभा कर 2 मिनट का मौन धारण किया। घायल हुए लोगो के लिए जल्द स्वस्थ्य लाभ की कामना की। कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री आपने पुलवामा हमले का बदला लेकर देश-विदेश के नागरिको को अपना 56 इंच का सीना दिखाया था, आज मृतको के परिवार जन व समस्त देशवासियों को आपसे उसी तरह की कार्यवाही की अपेक्षा है। इस अवसर पर श्रमिक नेता एन डी पाण्डेय, समाजसेवी एस सी पाण्डेय लोक कल्याण परिषद बिजुरी नगर संयोजक, राहुल द्विवेदी, राज शुक्ला, शिवांग मिश्रा, देव सिंह क्रिस, अभिषेक, बिनोद पाण्डेय पाण्डेय, रामबाबू शुक्ला, मनोज तिवारी, निखिल सैनी,कान्हा शर्मा, चंद्दू, वरुण, सुजीत, करन, कपिल, सुमित, अमित शुक्ला, कान्हा दुबे अन्य पत्रकार समाजसेवी नगरवासी उपस्थित रहे।

### पवित्र नगरी अमरकंटक में प्लास्टिक पॉलिथीन जप्ती की कार्यवाही

**अमरकंटक।** पवित्र नगरी अमरकंटक में मध्य प्रदेश प्रदूषण निवारण मंडल शहडोल एवं नगर परिषद अमरकंटक के संयुक्त तत्वाधान में अमानक स्तर एवं प्रतिबंधित पर्यावरण को प्रभावित करने वाली प्लास्टिक पॉलिथीन के उपयोग एवं उपभोग पर कार्यवाही करते हुए नगर के किराना एवं जनरल स्टोर तथा अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों दुकानों पर छापा मार कार्यवाही करते हुए लगभग आधा दर्जन दुकानों में प्लास्टिक पॉलिथीन लगभग आधा किलो जब्ती की गई तथा इतने ही दुकानदारों पर चालान की कार्यवाही की गई। पवित्र नगरी अमरकंटक के व्यावसायिक कारोबारी दुकानदारों को प्लास्टिक पॉलिथीन के उपयोग उपभोग न करने की समझे दी गई कार्यवाही दल ने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह पॉलिथीन पर्यावरण को प्रभावित करता है पशु पक्षी भी प्रभावित होते हैं साथ ही मानव जीवन का भी स्वास्थ्य प्रभावित होता है इस कारण पॉलिथीन बिल्कुल भी प्रयोग में ना लाएं तथा आने वाले ग्राहकों को समझाइए कि आवश्यक झोला एवं अन्य साधनों में सामग्री दें किसी भी समय कभी भी फिर से पॉलिथीन पकड़े जाने पर कठोर दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। इसी तरह कार्यवाही दल होटल एवं अन्य दुकानों में भी निरीक्षण किया गया तथा उन्हें भी पॉलिथीन के प्रयोग उपभोग पर दुष्प्रभाव के बारे में बताया गया तथा पॉलिथीन का उपयोग न करने की समझाइस एवं चेतावनी दी गई। व्यावसायिक गतिविधियां संचालित करने वाले दुकानदारों को स्पष्ट कहा गया कि किसी कठोर कार्यवाही किए जाने से बचन अन्यथा मजबूरन सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान दल में प्रदूषण नियंत्रण मंडल के कनिष्ठ वैज्ञानिक बी एम पटेल उपयंत्री श्रेयस पांडेय प्रयोगशाला परिचारक सुभाष निगम नगर परिषद अमरकंटक के मनीष विश्वकर्मा बैजनाथ चंद्रवंशी शारदा मोगरे राजकुमार सिंह आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### चलाया गया जल स्रोतों का सफाई अभियान तथा जन जागरूकता

**अमरकंटक।** मध्य प्रदेश शासन के दिशा निर्देशानुसार एवं जिला कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा के कुशल मार्ग निर्देशन में पवित्र नगरी अमरकंटक भी जल संरक्षण संवर्धन तथा जल स्रोतों के साफ सफाई के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान का आयोजन किया जा रहा है उक्त अभियान जल स्रोतों के संरक्षण पुनर्भरण और स्वच्छता को बढ़ावा देने हेतु नगर परिषद अमरकंटक द्वारा पतित पावनी मां नर्मदा नदी गायत्री एवं सावित्री तथा वैतरणी नदी का इन दोनों विशेष स्वच्छता अभियान साफ सफाई की जा रही है जल गंगा अभियान को सार्थक किए जाने के उद्देश्य से आम जनमानस जागरूक एवं सीधा जुड़ाव हो इस हेतु प्रचार प्रसार 23 अप्रैल 25 को अमरकंटक नगर में दीवार लेखन कराया गया तथा नदी



नालों का विस्तृत निरीक्षण कर विश्लेषण कार्य तथा जल नमूना एकत्रित किया गया। जल गंगा संरक्षण संवर्धन एवं पुनर्भरण अभियान के तहत मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण मंडल शहडोल एवं नगर परिषद अमरकंटक के संयुक्त तत्वाधान में वैज्ञानिक बी एम पटेल उपयंत्री श्रेयास पांडे सुभाष निगम नगर परिषद अमरकंटक मनीष विश्वकर्मा बैजनाथ चंद्रवंशी राजकुमार सिंह शारदा मोगरे एवं स्थानीय होटल के प्रतिनिधि की उपस्थिति में पुष्कर बांध के समीप नर्मदा नदी की साफ सफाई की गई तथा पर्यावरण जन जागरूकता अभियान चलाया गया। जल गंगा अभियान जून माह तक निरंतर चलाया जाएगा इस दौरान नदियों के साफ-सफाई जल संरक्षण संवर्धन किया जाना है इसमें आम जनमानस का जुड़ाव हो सभी सभी जनों को साथ लेकर नदी सफाई अभियान किया जा रहा है।